हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 22 नवंबर 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

तापमान
अधिकतम 24.2 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

14 जनजातीय गौरव दिवस पर नवीन महाविद्यालय..



14 व्यंजन में टिकेश्वरी व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता...



## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर का सेल्फ स्टार्टर चोरी

**महासमुंद।** ट्रैक्टर के सेल्फ स्टार्टर चोरी के मामले में महासमुंद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। कौंदकेरा निवासी और प्रार्थी देवेंद्र कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे घर ब्यारा में अपने ट्रैक्टर के पास जाकर देखा तो उसका सेल्फ स्टार्टर कीमत 8000 रुपए नहीं था, जिसे किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। प्रार्थी ने रिपोर्ट में बताया कि गांव के योगेश्वर चंद्राकर के ट्रैक्टर का सेल्फ स्टार्टर एवं प्रेमलाल साहू के ट्रैक्टर के टोचन पट्टी की भी चोरी हुई है। इसके कुछ दिन पूर्व भी गांव के खम्भन चंद्राकर के ट्रैक्टर का नांगर एवं भूपेंद्र चंद्राकर व संजय चंद्राकर के नलकूप का केबल वायर की चोरी हुई थी। पुलिस द्वारा मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धार 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### पेट्रोल पंप कर्मचारी के साथ मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी के साथ मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थी व पुलिस वेलफेयर पेट्रोल पंप के कर्मचारी प्रतीक साहू ने बताया कि 20 नवंबर की सुबह करीब 8 बजे पेट्रोल पंप में सैफ उल्ला खान अपने मोटर सायकल से आया और पानी भरने गया, लेकिन नल में पानी नहीं की बात प्रार्थी ने इशारे से उसे बताया। इसके बाद आरोपी आकर गाली देने लगा। ड्यूटी के बाद जब घर गया तो आरोपी सैफ उल्ला खान ने फोन कर पेट्रोल पंप बुलाया। दोपहर लगभग 12.20 बजे पुलिस पेट्रोल पंप पहुचने वाला था कि वहीं पर सैफ उल्ला खान अपने हाथ में डंडा लेकर खड़ा हुआ था, मेरे गर्दन के पास जोर से मारा, जिससे मोटर सायकल से नीचे रोड पर गिर गया, गिरने के बाद भी मेंरे पास आकर मुझे हाथ मुक्का लात से मारपीट करने लगा। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# 55 दिन ही हो पाएगी खरीदी, जोर-शोर से फसल काटने में जुटे किसान

## 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी 31 जनवरी तक होगी, इस बीच होंगी कई छुट्टियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिये भले ही शासन ने 75 दिन का समय निर्धारित किया है। लेकिन, इस बार मात्र 55 दिन ही धान की खरीदी हो पाएगी, शेष दिन छुट्टियों में चले जाएंगे। वहीं, यदि न्यू ईयर तथा छेरछेरा में किसान उपार्जन केंद्र नहीं पहुंचे तो महज 52 से 53 दिन ही खरीदी होगी। मिली जानकारी के अनुसार शासन इस बार 14 नवंबर से 31 जनवरी के बीच समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। लेकिन शनिवार, रविवार की छुट्टियों को पृथक किया जाए तो मात्र 55 दिन ही शेष रह जाएंगे। जबकि, 20 दिन केवल छुट्टियां ही पड़ रही है। बता दें कि 14 नवंबर को जिले भर में धान खरीदी की शुरूआत हुई तथा 15 को गुरुनानक जयंती की छुट्टी के कारण खरीदी नहीं हुई। इसके साथ ही दूसरे दिन शनिवार तथा रविवार को उपार्जन केंद्र शासकीय अवकाश की वजह से बंद रहे। ऐसे में खरीदी नहीं हो पाएगी। जिले में 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन हेतु जिले के एक लाख 62 हजार से अधिक किसान पंजीकृत है। नोडल अधिकारी अशीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार तक जिले में एक लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिसमें एक लाख 59 हजार 488 क्विंटल मोटा धान, 11 क्विंटल पतला धान तथा 3 हजार 899 क्विंटल सरना धान शामिल है। महासमुंद विकासखंड अंतर्गत 38 उपार्जन केंद्रों में 26 हजार 845 क्विंटल धान, बागबाहरा के 31 उपार्जन केंद्रों में 46 हजार 900 क्विंटल, पिथौरा के 44 केंद्रों में 29 हजार 869 क्विंटल, बसना के 36 उपार्जन केंद्रों में 16 हजार 54 क्विंटल एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 33 उपार्जन केंद्रों में 43 हजार 730 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### 6 हजार 613 से अधिक नए किसानों का पंजीयन

जानकारी हो कि इस वर्ष जिले 6 हजार 613 से अधिक नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार जिले के एक लाख 62 हजार से अधिक किसान अपना धान का समर्थन मूल्य में विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। मोदी की गारंटी में प्रदेश सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की मान से एक एकड़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। सभी 182 धान खरीदी केंद्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने नोडल अधिकारी भी नियुक्त किया गया है।



### धान कटाई में आई तेजी

जिले में त्योहार सीजन खत्म होने के बाद अब किसान अपने फसल काटने जुट गये है। अंचल के ज्यादातर किसान सुविधा एवं धान बेचने के लिए मिल रहे कम समय के चलते हार्वेस्टर से ही कटाई कर रहे है। अब किसान हाथ से काटाइ करने में रूचि नहीं दिखा रहे है लेकिन गीले एवं समस्या वाले खेतों के फसल को ही हाथ से कटाई कर रहे हैं।

## कार्रवाई: आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत की गई कार्रवाई

# बागबाहरा पुलिस ने पकड़ा 9 लाख का गांजा, दो के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बागबाहरा पुलिस गांजा तस्करी कर रहे दो आरोपियों पर कार्रवाई करते हुए 9 लाख से ज्यादा का गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बागबाहरा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि एनएच 353 मेन रोड ग्राम कोमा जाने का तिराहे में प्रियंका आटो के फार्म हाउस के सामने घेराबंदी की गई। थोड़ी देर बाद ओडिशा की ओर एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्र सीजी 04 एनएस 9971 को रोका गया। जिसमें अकेला चालक था। जिसने अपना नाम खिरोद सुनानी पिता बिहारी सुनानी (38 वर्ष) कोमना थाना कोमना जिला नुआपाड़ा उड़ीसा का रहने वाला बताया। तलाशी के दौरान वाहन की डिक्की में एक सफेद रंग की बोरी में भरी मादक पदार्थ गांजा, वाहन की बीच सीट में दो सफेद रंग की बोरियों में भरी मादक पदार्थ गांजा कुल 03 सफेद रंग की प्लास्टिक बोरियों में भरी मिली।



आरोपी द्वारा उक्त बरामद गांजा को गोलू हरपाल निवासी शंकर नगर रायपुर का होना बताया और गांजा को ओडिशा के कोमना से शंकर नगर रायपुर गोलू हरपाल के पास ले जाना और उक्त परिवहन की कार और नगदी रकम 20000 रुपए को गोलू हरपाल को देना बताया। पुलिस आरोपी के कब्जे से कुल 60.190 किग्रा कीमत 902850 रुपए, नगदी रकम 19000 रुपए ,एक नग मोबाईल कीमत 10000 रुपए, एक हाथ घड़ी कीमत 500 रुपए ,एक नग आधार कार्ड ,एक नग पेनकार्ड को जब्त किया।

मामले में आरोपी खिरोद सुनानी पिता बिहारी सुनानी एवं गोलू हरपाल शंकर नगर रायपुर के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।



### सरायपाली क्षेत्र में भी गांजा तस्करी, दो युवक धरे गए

**महासमुंद।** अवैध रूप से आसवित कच्ची शराब एवं गांजा के सेवन से संभावित जनहानि को रोकने तथा आबकारी राजस्व की सुरक्षा बाबत कलेक्टर के निर्देश के पालन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी महासमुंद के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी मंडल सरायपाली के नेतृत्व में आबकारी विभाग द्वारा की जा रही सतत कार्रवाई के क्रम में 21 नवंबर को आबकारी वृत्त सरायपाली के अंतर्गत ग्राम केजुआ थाना सरायपाली के अंतर्गत मुखबिर की सूचना के आधार पर दो संदेही व्यक्ति को मोटरसाइकिल में आते हुए रोक कर पूछताछ करने पर संदेह व्यक्तियों प्रदीप यादव ग्राम मेहंदी थाना पामगढ़ जिला जांजगीर-चांपा और पीछे हुए बैठे व्यक्ति ने अपना नाम शिवनाथ यादव ग्राम खेर सिटी थाना बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ होना बताया। पूछताछ कर गवाहों के समय आरोपियों के द्वारा रखे हुए बैग की तलाशी ली जाने पर बैग के अंदर पॉलिथीन में भरी हुई 6.500 किलोग्राम वजन अवैध गांजा बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध नारकोटिक एक्ट धारा 20 (बी) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताए गया कि पूर्व में ओडिशा प्रांत से दो बार अवैध गांजा ले जाकर बिक्री किया गया है। कार्रवाई के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक दरसराम सोनी, हृदय कुमार तिरपुड़े, प्रधान आरक्षक पी माधवराव, आरक्षक राजकिशोर पांडे, खिनीराम खुटे एवं समस्त आबकारी स्टॉफ उपस्थित रहे। साथ ही कार्रवाई में केजुआ की गुलाबी गैंग की महिलाओं का भी विशेष योगदान रहा।

## 11 साल में 786 मामलों में जब्त 48 लाख की अवैध शराब पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पकड़े गए 786 शराब के मामलों में पुलिस ने 48 लाख से ज्यादा की 12 हजार 117 लीटर अवैध शराब पर बुलडोजर चलाया है। इनमें महुआ, देशी, अंग्रेजी के अलावा ओडिशा, महाराष्ट्र और पंजाब के शराब भी शामिल थे।

महासमुंद के परसदा पुलिस लाइन में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीभा पांडेय, सब डिविजनल मजिस्ट्रेट हरिशंकर पैंकरा की मौजूदगी में गुरुवार को 48 लाख 63 हजार 950 रुपये कीमत की 12 हजार 117 बल्क लीटर शराब पर बुलडोजर चला कर डिस्पोस किया गया। यह सभी शराब वर्ष 2013 से लेकर अब तक जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पकड़ा गया था। पुलिस ने सिटी कोतवाली सहित 11 थानों में साल 2013 से लेकर अब तक 786 प्रकरणों में न्यायालय से फैसला होने के बाद, जिसकी अपील अवधि समाप्त हो चुकी है ऐसे देशी, अंग्रेजी के अलावा ओडिशा, महाराष्ट्र और पंजाब के भी देशी शराब को नष्ट किया गया है।

एडमिशन एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2013 से लेकर 2024 के दौरान ऐसे प्रकरण जो न्यायालय से प्रकरण का निराकरण होने के बाद जिला दंडाधिकारी से अनुमति के बाद गठित टीम में कार्यपालिक दंडाधिकारी, आबकारी अधिकारी, पर्यावरण विभाग के अधिकारी और सभी थाना प्रभारियों की मौजूदगी में नष्टिकरण की कार्रवाई की गई है। यह सभी शराब वर्ष 2013 से लेकर अब तक जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र से पकड़ी गई थी।

## बागबाहरा अनुभाग में एक ही दिन में 1590 कट्टा धान की जब्ती



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में जिले में धान के अवैध परिवहन, भंडारण पर सतत कार्रवाई जारी है। गुरुवार एसडीएम बागबाहरा उमेश कुमार साहू के नेतृत्व में तीन अलग-अलग स्थानों से एक ही दिन में कुल 1590 कट्टा धान की ज़ब्ती की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि बागबाहरा अनुभाग के तहसील कोमाखान के ग्राम भिलाईदादर में सिन्हा किराना स्टोर्स में 1120 कट्टा अवैध धान प्रशासन ने जब्त किया गया। इस कार्रवाई में मंडी सचिव कुशल राम ध्रुव, मंडी इंस्पेक्टर, हल्का पटवारी पूजा साहू शामिल थे। वहीं इस अभियान में ही अनुभाग बागबाहरा के तहसील कोमाखान में ग्राम टेमरी एसडीएम उमेश साहू के नेतृत्व में 170 कट्टा अवैध धान जब्ती की कार्रवाई की गई, जिसमें हल्का पटवारी टोप सिंह ध्रुव, नंद कुमार सिदार मंडी उपनिरीक्षक उपस्थित रहे। अनुभाग बागबाहरा के तहसील कोमाखान के ग्राम बोईरगांव में हल्का पटवारी क्रांति कुमार यादव द्वारा 300 कट्टा अवैध धान की जब्ती की कार्रवाई की गई। इस प्रकार एक ही दिन में कुल 1590 कट्टा धान की ज़ब्ती की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# शासन की सभी लोक हितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित हो : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रही लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो इसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू उपस्थित रहे। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उनकी प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोक हितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। उसे बोझ की तरह न लेकर उत्सव की तरह संपादित करें, जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन




पर जोर देते हुए कहा कि जहां कार्य पूरे हो गए है वहां जनप्रतिनिधियों को भी लेकर जाए। काम ना करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों, उनकी शिकायतों और उनकी समस्याओं का समाधान करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के आवेदन स्वीकृत करने और बिना किसी कारण के लंबित नहीं रखने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा श्रमिकों को नियमित रोजगार मुहैय्या कराएं और जिले में अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करे। सांसद श्रीमती चौधरी ने कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान फसल बीमा योजना में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि किसानों को आदान सामग्री वितरण के लिए हितग्राहियों की सूची तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों से सलाह अवश्य लें। उन्होंने शासन के अन्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रगति के निर्देश दिए।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बैठक के दौरान कहा कि जिले में आयुष्मान कार्ड से नियमानुसार ही राशि का आहरण करें। उन्होंने आयुष्मान भारत अंतर्गत संबंधित अस्पतालों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना अंतर्गत 8 हजार से अधिक महिला हितग्राहियों का लाभ मिला है। उन्होंने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय सामाजिक सहायता अंतर्गत 45476 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में कुल 12 पीएमश्री स्कूल संचालित है, जिसमें से 04 हाईस्कूल, 08 प्राथमिक शाला शामिल है। इसके अलावा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, राज्य कौशल विकास प्राधिकरण, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य विभागों की योजनाओं की जानकारी दी गई। बैठक के दौरान सिरपुर विकास प्राधिकरण अंतर्गत सिरपुर के पुरावैभव को आम जन तक पहुंचाने के लिए वेबसाइट और लोगो का अनावरण सांसद रूपकुमारी चौधरी द्वारा किया गया। बैठक में समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

00**महासमुंद।** 68वीं राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं की हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद नगर में 25 नवंबर से 29 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 700 खिलाड़ी और 200 अधिकारी भाग लेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षा विभाग के निर्देशन में किया जा रहा है। इस आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी की अनिश्चतकालीन हड़ताल जारी

# कर्मचारियों की हड़ताल, बिजली, पानी व सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में हड़ताल लोगों के लिए दिनोंदिन मुसीबत बनता जा रहा है। हाल में ही मंडी कर्मचारी एवं आधार ऑपरेटरों के बाद अभी ठेका पद्धति समाप्त करने, सीधे वेतन भुगतान सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर जिले भर के नगरीय निकायों के प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इनके हड़ताल पर जाने की वजह से बिजली, पानी तथा सफाई व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है। वहीं, आने वाले दिनों में स्थिति और भी विकट हो सकती है।

पटवारी कार्यालय के सामने प्लेसमेंट कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को भी जमकर नारेबाजी की। नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों की मांगे है कि अन्य विभागों की तर्ज पर निकायों से वेतन भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाए। महासंघ द्वारा विगत वर्षों से नगरीय निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को शासन के अन्य विभाग (जल



संसाधन, पीडब्ल्यूडी, पीएचई व वन विभाग आदि) के तर्ज पर निकायों से सीधे वेतन का भुगतान किए जाने हेतु समय समय पर धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों से शासन को अवगत कारते आ रहे हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन मांगों पर गंभीरता से कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई है। जिससे छग के 184 निकायों में कार्यरत 20 हजार, प्लेसमेंट कर्मचारी व परिवार में काफी असंतोष एवं आक्रोशित है। निकायों में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को निकायों से सीधे वेतन भुगतान (4 हजार श्रम सम्मान राशि सहित) किये जाने पर शासन को किसी भी प्रकार अतिरिक्त व्यय का वहन नहीं करना पड़ेगा। शासन द्वारा हमारी मांगों का गंभीरता से नहीं लेने के कारण महासंम द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि समस्त नगरीय निकयों के समस्त प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्यिकालीन हड़ताल पर रहेंगे। इस अवधि में क्षेत्र के समस्त, नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधा जैसे सफाइ कार्य, जल कार्य, विद्युत कार्य, कार्यालयीन कार्य, लोक सेवा कार्य सब बंद रहेंगे। छग नगरीय निकाय प्लेसमेंट कर्मों के जिलाध्यक्ष हीरा चौहान ने कहा कि मांगे यदि पूरी नहीं होती तो आंदोलन और भी उग्रा होगा।

**जिले में कुल 350 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल पर :** मिली जानकारी के अनुसार जिले के 5 नगरीय निकायों में कुल 350 प्लेसमेंट कर्मचारी हैं। जिसमें महासमुंद में 157, बसना 40, सरायपाली 56, बागबाहरा में 63, तुमगांव 17 तथा पिथौरा में 14 कर्मचारी हैं। कर्मियों का कहना है कि विगत 15 से 20 वर्षों से वे सेवा दे रहे हैं। जो कि तृतीय व चतुर्थ वर्ग कर्मियों के समकक्ष कार्यों का निर्वहन करते हैं।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट कर 16 हजार रुपए, मोबाइल और बाइक छीना

**महासमुंद।** युवक से मारपीट कर नगद 16 हजार रुपए, मोबाइल और बाइक लूटने वाले आरोपी के खिलाफ पिथौरा पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी मुकेश यादव पिता टिकेश्वर यादव ने रिपोर्ट लिखाई है कि 13 नवंबर की रात 8.30 बजे मैं अपने निजी काम से चाचा योगीराम यादव के पास अट्ठारहगुड़ी पैसा लेने के लिए आया था, चाचा से 16000 रुपए नगद लेकर अपने घर वापस जा रहा था, उसी बीच चाय पीने के लिए पोटापारा चौक के होटल में रूका। इसी दौरान अजय सागर (बाबा ढ़बा मुढ़ीपार वाले) आया और पीछे से लोहे के चूड़ा व डंडे से वार कर मुझे गिरा दिया तथा पोटापारा चौक से मुझे मारते-मारते आगे ले जाकर मेंरे बेल्ट को निकालकर बहुत मारा। आरोपी ने रियलमी कंपनी का मोबाईल व बाइक प्लेटिना गाड़ी नं सीजी 06 जीएक्स 5446 को एवं नगद 16000 रुपए को लूट लिया और मुझे वहीं मरा हुआ समझकर छोड़ दिया। लगभग 2 घंटे बाद होश आया तो रोड के नीचे-नीचे छोटू बलिया ढाबा गया और वहां पर एक ट्रक ट्रक वाले के मोबाईल से अपने पापा को फोन कर बुलाया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 309(6) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### बनियापारा में भागवत कथा आज से

**धमतरी।** स्थानीय बनियापारा में गौरा चौरा के पास 22 से 30 नवंबर तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। भगवताचार्य पंडित कालेश्वर प्रसाद तिवारी जेजरा राजिम होंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 से 5.30 बजे तक होगी। मां पाताल भैरवी महिला मंडल समिति एवं वार्डवासियों ने सभी श्रद्धालुओं से कथा का रसपान करने का आग्रह किया है।

### निगरानी समिति की बैठक आज

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा संचालित ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के सतत निगरानी के लिए गठित जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद लोकसभा क्षेत्र महासमुंद और अध्यक्ष जिला विकास समिति श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता में 22 नवम्बर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी ने संबंधित अधिकारियों को एजेण्डावार जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

### नाग मंदिर में शिव महापुराण 2 दिसंबर से

**धमतरी।** श्री नागदेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ के लिए प्रचार- प्रसार अभियान शुरु हो गया है। समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, अशोक पटेल ने बताया कि नाग मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संकल्प को लेकर मंदिर समिति द्वारा 2 से 8 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### अब तक 4.88 लाख क्विंटल धान का उपार्जन

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों में बीते 14 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जा रहा है। खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में अब तक 11 हजार 410 पंजीकृत किसानों से कुल चार लाख 88 हजार 893 क्विंटल 60 किलोग्राम धान का उपार्जन किया गया है। इसी तरह 22 नवम्बर को धान खरीदी के लिए दो हजार 360 किसानों का टोकन एक लाख आठ हजार 38 क्विंटल धान खरीदी हेतु जारी किया गया है।

### नगरी में विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव 6 को

**नगरी।** विकासखण्ड स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 6 दिसम्बर को श्रृंगी ऋषि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगरी के खेल मैदान में होगा। इस सबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार कर प्रतिभागियों को आधारकार्ड, बैंक पासबुक, 2 पासपोर्ट फोटो एवं जाति, निवास की छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान में उपस्थित कराने सचिव ग्राम पंचायत को जनपद पंचायत नगरी द्वारा पत्र जारी किया जा चुका है।

# ऑनलाइन व ऑफलाइन धान टोकन नहीं कटने से किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरू हो चुकी है, जो 31 जनवरी 2025 तक चलेगी। खरीदी केंद्र व उपकेंद्रों में धान की खरीदी शुरू हुए एक सप्ताह हो गए। किंतु, धान बेचने के लिए आनलाइन तथा ऑफलाइन टोकन नहीं कटने से किसान परेशान है। जिन किसानों के पास मोबाइल है और जानकार है, वही किसान ऑनलाइन स्वयं का टोकन काट रहे है। अधिकतर किसान ऑनलाइन टोकन काटना ही नहीं जानते। वे किसान टोकन के लिए च्वाइस सेंटरों का चक्कर काट रहे हैं। वहीं च्वाइस सेंटरों में सर्वर डाऊन होने से एप नहीं खुलने के कारण भी परेशानी आ रही है। किसानों का कहना है कि पहले की



तरह केंद्रों में टोकन की सुविधा होनी चाहिए।

जिला सरकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान के अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र उपकेंद्रों के प्रबंधकों ने बताया कि मिलर्स द्वारा दी जाने वाली पुराने बारदाना की कमी के कारण खरीदी प्रभावित हो सकती है, जो कि किसानों को नए पुराने 50-50 बरदाने की वितरण की जाती है। फिरहाल, अभी पीडीएस की बारदाने से खरीदी की जा रही है। अभी वर्तमान में उपार्जन केंद्र नर्रा में अब तक 70.88 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। 154 किसान अपना उपज बेच चुके है। ऋण वसूली राशि 45 लाख 54 हजार की गई है। परसुली केंद्र 2890.80 क्विंटल धान की खरीदी, 74 किसान लाभान्वित हुए, ऋण वसूली 1979236 रुपए, कोमाखान केंद्र 1398 क्विंटल धान की खरीदी, 40 किसान लाभान्वित एवं ऋण वसुली 767990 रुपए, इस तरह घोटियापानी उपकेंद्र में 2544.40 क्विटल धान खरीदी, बाघामुड़ा केंद्र में 4401.60 क्विंटल, मुनगासेर में 5818. 80 क्विंटल, देवरी में 3140 क्विंटल, पटपरपाली केंद्र में 4579 .20 क्विंटल, बंसुलाडबरी में 6010.40 क्विटल एवं कसेकेरा केंद्र में अब तक धान की खरीदी 6113 क्विंटल धान की खरीदी हुई है।

# रेत माफियाओं ने दी सरायपाली विधायक प्रतिनिधि को जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम को रेत माफियाओं से जान से मारने की धमकी दी गई है। इसकी शिकायत देर रात पुलिस थाने में की गई। पुलिस को दिए शिकायत के अनुसार 20 नवंबर की रात 8 बजे के लगभग विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम बसना से घर की ओर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही हाइवा ने उसे कट मार दिया, जिसके चलते उन्होंने गाड़ी को घंटेश्वरी मंदिर के समीप हाइवा को रोकवाया। इसी दौरान हाइवा में अवैध रेत होने की जानकारी पर उन्होंने इसकी जानकारी विधायक चातुरी नंद को दूरभाष के माध्यम से दी। विधायक ने एसडीएम और तहसीलदार को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। तहसीलदार के पहुंचने के पूर्व ही हाइवा मालिक मनीष वाधवा के पुत्र



वहां पहुंच चुके थे और पहुंचते ही विधायक प्रतिनिधि भरत मेश्राम को ऊंची पहुंच का हवाला देते हुए जान से मारने और देख लेने की धमकी दी गई। उन्होंने विधायक प्रतिनिधि को लूट के झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजवाने की भी धमकी दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तहसीलदार जब कार्रवाई करने पहुंचा तो उन्हें भी धमकाया गया।

### बड़े पैमाने पर हो रहा अवैध रेत और धान परिवहन

सरायपाली क्षेत्र के रेहटीखोल और सिरपुर बैरियर से पड़ोसी ओडिशा राज्य से अवैध रेत और धान का परिवहन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। पुलिस, माइनिंग और वन विभाग के अधिकारियों के मिलीभगत से अवैध अवैध रेत और धान परिवहन को अंजाम दिया जा रहा है। महासमुंद कलेक्टर ने अवैध धान और रेत परिवहन पर रोक लगाने सख्ती बरतने का निर्देश जारी किया है, लेकिन उनके निर्देशों का खुला माखौल उनके ही अधीनस्थ कर्मचारी उड़ा रहे है।

### विधायक की छापेमारी से रेत माफियाओं में खलबली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद पिछले 2- 3 दिनों से देर रात्रि सीमावर्ती क्षेत्रों के बैरियरों में पहुंचकर अवैध रेत और धान परिवहन का निरीक्षण कर रही है। 19 नवंबर की रात्रि विधायक नंद ने रेत से भरी हाइवा को सिंघोड़ा पुलिस थाने का सुपुर्द किया।

# उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्रों में होने लगा धान जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अपनी मांगों पर डटे हुए राइस मिलर्स ने अब तक कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं कराया है। उधर धान खरीदी केंद्रों में लगातार धान की आवक हो रही है। अब तक करीब 5 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। अब तक परिवहन शुरू नहीं हुआ है। यही स्थिति रही तो खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति बन जाएगी।

शासन ने 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू कर दी थी। इसके साथ ही कस्टम मिलिंग नीति में बदलाव करते हुए कस्टम मिलिंग की दर घटाकर आधी कर दी गई है। राइस मिलर्स इसका विरोध कर रहे हैं। मिलर्स को दो साल की कस्टम मिलिंग की राशि भी अप्राप्त है। इन समस्याओं को देखते हुए राइस मिलर्स कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन करवाने के लिए सामने नहीं आ रहे हैं। उधर छुट्टी के दिनों को छोड़कर धान खरीदी केंद्रों में लगातार



खरीदी हो रही है। पिछले पांच दिनों की खरीदी में जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में 4 लाख 92 हजार 227 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। कस्टम मिलिंग के लिए पंजीयन नहीं होने से धान का उठाव अब तक शुरू नहीं किया गया है। यदि सप्ताह भर के भीतर उठाव शुरू नहीं किया जाता है तो धान खरीदी केंद्रों में स्थिति खराब हो सकती है। कई खरीदी केंद्रों की बफर लिमिट काफी कम है।

# सहकारी समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति सिर्फ किसान वर्ग के ही कार्यकर्ता : सरला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित सरायपाली विधानसभा के विभिन्न सहकारी समितियों में शासन द्वारा अध्यक्षो की नियुक्ति की गई है। इन समितियों में अध्यक्षों की नियुक्ति सिर्फ किसान वर्ग के भाजपा कार्यकर्ता लोगों की ही की गई है। सरायपाली विधानसभा में 3 बैंक सरायपाली, तोरेसिंहा एवं भंवरपुर में स्थापित है।

सरायपाली शाखा में 15 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, तोरेसिंहा शाखा के अंतर्गत 11 प्राथमिक कृषि साख समिति एवं भंवरपुर में 8 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां संचालित है। जिसके माध्यम से राज्य शासन समर्थन मूल्य पर (भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार का ऐतिहासिक निर्णय 3100 रुपए प्रति क्विंटल एवं प्रति एकड़ 21 क्विंटल) किसानों का धान खरीदी करती है। सभी नवनियुक्त अध्यक्षों ने अपने अपने सहकारी समितियों में पदभार ग्रहण कर लिया है। सरायपाली शाखा के अंतर्गत



अध्यक्षों में कामता प्रसाद पटेल (नूनपानी), संजय डड़सेना (जम्हारी), जयलाल पटेल (नवरंगपुर), नेपाल साहू (रिसेकेला), शरद पटेल (नवागढ़), अनंत कुमार पटेल (सरायपाली), रमेश नायक (भोथलडीह), उपेंद्र चौधरी (कनकेबा), नरेश प्रधान (पुटका), कैलाश साहू (चिवरकुटा), पंकज साहू (सिंगबहाल), अनंतराम बीसी (रुढा),घनश्याम भोई (मलदामाल) व प्यारीराम साहू (तिहारीपाली ) समिति का अध्यक्ष बनाए गए हैं।

वही तोरेसिंहा शाखा के अंतर्गत संचालित सहकारी समितियो में वीरेंद्र साहू ( कुसमीसरार), ताबीर प्रसाद नौरेजी (सिरबोडा), राजकुमार पटेल (तोरेसिंहा), विजय प्रधान (तोषगांव), नरेश तिवारी (कोटद्वारी), अमृत साहू (गेर्रा), प्रसन्न प्रधान (केना), प्रदीप साहू (बेलमुंडी), रेशमलाल पटेल (जोगनीपाली) व महेंद्र सिंह राजपूत को (केजुवां) सहकारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं भंवरपुर शाखा के अंतर्गत संचालित समितियों में विद्याचरण चौधरी (भंवरपुर), कृष्ण कुमार नायक (बिछियां), उत्तर निषाद (लंबर), राजेंद्र कोसरिया बड़ेसाजापाली), नरेश तिवारी (ठुठापाली), बनितराम सिदार (रोहिना), झनकराम चौधरी (सलखंड), संतराम निषाद (उड़ेला) को सहकारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है।

सरला कोसरिया ने आगे बताया कि पिछली बार कांग्रेस शासन काल में इन सोसायटियों के कुछेक सोसायटी में गैर किसानों को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किए जाने से किसान वर्ग में काफी नाराजगी देखी गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए सरायपाली विधानसभा भाजपा कोर कमेटी में सभी अध्यक्ष के नाम पर गंभीरता से विचारविमर्श कर सूची प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को सौंपी गई थी। जिसे भाजपा की संवेदनशील विष्णुदेव साय सरकार द्वारा तुरंत संज्ञान में लेकर नियुक्ति दी है। इस बार सिर्फ वास्तविक किसानों की ही नियुक्ति किए जाने से पार्टी कार्यकर्ताओं व किसानों में काफी हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त सभी अध्यक्षों को शुभकामनाएं देते हुए इस नियुक्ति के लिए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं प्रदेश के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप का आभार ज्ञापित किया है।

# भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

मेटाडोर में सरिया लोड करवाकर बाइक से वापस लौट रहे भारतमाला प्रोजेक्ट के मजदूर ठेकेदार को ट्रक ने ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौत हो गई।

अस्पताल पुलिस चौकी व साथी मजदूरों के अनुसार प्रमोदकुमार पिता नागेंद्र सिंह उम्र 29 वर्ष ग्राम सिकारियन थाना भोजपुर जिला बिहार निवासी लेबर कांट्रेक्टर का काम करता था। इन दिनों भारतमाला परियोजना के दुगली क्षेत्र से होकर गुजरे सिक्सलेन रोड में प्रमोद केरेगांव में रहकर मजदूर ठेकेदार का काम कर रहा था। युवक बुधवार को भारतमाला परियोजना के ग्राम बेदवा कैंप में सरिया स्टील को मेटाडोर में लोड कराने गया था। मेटाडोर में सरिया लोड कराने के बाद युवक मोटरसाइकिल से वापस केरेगांव लौट रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक एपी 29 यूएफ 8099 के चालक ने मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। ट्रक की ठोकर से युवक के सिर में गंभीर चोट व पसलियां टूट गई थी। गंभीर रूप से घायल युवक को





उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे रायपुर रिफर कर दिया। साथी मजदूरों ने घायल को रायपुर न ले जाकर श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान घायल की बुधवार की रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को परिजनों के पहुंचने पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर उनके सुपुर्द कर दिया है। वहीं केरेगांव पुलिस ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

# चोरी की ज्वेलरी के साथ रायगढ़ का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- राधाकृष्ण ज्वेलर्स में हुई चोरी का खुलासा

ज्वेलर्स दुकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी व बेनटेक्स के लगभग पौने चार लाख की ज्वेलरी की चोरी करने वाले रायगढ़ के आरोपी को पुलिस ने बस स्टैंड में गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी प्रवीण शर्मा रिसाईपारा में स्कूल के पास ज्वेलरी दुकान चलाता है। 8 नवंबर की रात्रि प्रवीण दुकान बंदकर घर चला गया। इसी दौरान एक अज्ञात गमछाधारी युवक शटर का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश कर सोने-चांदी व बेनटेक्स की ज्वेलरी व 17 हजार नकदी कुल 95 हजार रुपए की चोरी कर फरार हो गया। रात्रि 3 बजे पड़ोसी ने प्रवीण को फोन करके उसकी ज्वेलर्स दुकान का शटर आधा खुले होने की





जानकारी दी। सूचना पर दुकान पहुंचने पर ज्वेलरी व नकदी गायब थी। शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305/ए, 331/4 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

एसपी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन व एएसपी मणिशंकर चंद्रा डीएसपी नेहा पवार के मार्गदर्शन में साइबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम आरोपी की तलाश में जुट गई। तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने धमतरी के नया बस स्टैंड में अमन उर्फ आर्मी चौहान रायगढ़ निवासी को चोरी की ज्वेलरी के साथ गिरफ्तार कर लिया।

गुरुवार को जनसंवाद कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में मामले का खुलासा करते हुए एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि विवेचना में जुटी पुलिस की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर दुकान व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला। बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बस स्टैंड धमतरी के पास संदेही युवक अमन उर्फ आर्मी चौहान पिता सुरेंद्र उम्र 23 वर्ष निवासी पंचधार थाना सरिया जिला रायगढ़ को पकड़कर पूछताछ की। संदेही ने 8 नवंबर को रिसाईपारा स्थित राधाकृष्ण ज्वेलरी दुकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी व बेनटेक्स सहित 17 हजार नकदी की चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी अमन उर्फ आर्मी चौहान के कब्जे से चोरी के 3 लाख 73 हजार 640 रुपए की ज्वेलरी बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। प्रेसवार्ता में डीएसपी नेहा पवार, कोतवाली प्रभारी रकेश मरई, साइबर प्रभारी सन्नी दुबे मौजूद थे।

आरोपी को गिरफ्तार करने में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, कोतवाली प्रभारी राजेश मरई, प्रआ लोकेश नेताम, हरिशंकर सिन्हा, आरक्षक योगेश नाग, कमल जोशी, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, फनेश साहू, धीरज डड़सेना, विकास द्विवेदी, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, चंदर जमदार व रामकृष्ण यादव का सराहनीय योगदान रहा।

### मौसम हुआ सर्द, सेहत बनाने सड़कों पर दौड़ रहे युवा

**धमतरी।** जिले का मौसम सर्द हो गया है। यहां का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री पर आ गया है, वहीं अधिकतम तापमान 28 डिग्री पर है। आगामी पांच दिनों में प्रदेश में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के बलरामपुर जिले में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 8.9 डिग्री पर रहा है। प्रदेश के उत्तर में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। जबकि प्रदेश के मध्य में न्यूनतम तापमान 14 से 29 डिग्री पर है। वहीं दक्षिण के नारायणपुर जिले में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री पर है।

# सीएससी सेंटरों में चल रहा संगठित रूप से लूट का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सीएससी सेंटरों में संगठित रूप से लूट का कारोबार चल रहा है। 20-30 रुपए के निर्धारित शुल्क के लिए 50-100 रुपए तक वसूली की जा रही है। कई योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर सीएससी संचालक ठेका लेकर काम कर रहे हैं। इसके लिए 500-1000 रुपए तक की वसूली की जा रही है।

लोगों की सुविधा के लिए शासन की योजना अनुसार जगह-जगह कॉमन सर्विस सेंटर यानी सीएससी खोले गए हैं। इन सीएससी सेंटरों को शासन से लाइसेंस मिला हुआ है। इन सीएससी सेंटरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की 200 से ज्यादा योजनाओं का संचालन होता है। सभी योजनाओं के लिए आवेदन, पंजीयन सहित अन्य कार्यों के लिए सेवा शुल्क निर्धारित हैं। सीएससी सेंटरों को स्पष्ट निर्देश है कि वे सेवा शुल्क की लिस्ट अपने सेंटर में चस्पा करें, लेकिन जिले में अधिकांश



सीएससी सेंटरों में इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है। एक दो सीएससी सेंटर को छोड़ दें तो बाकी में सेवा शुल्क की लिस्ट ही नहीं लगाई गई है। इन सेंटरों में हर योजना के लिए मनमाने ढंग से सेवा शुल्क की वसूली की जा रही है। कई बार इसकी शिकायत भी हो चुकी है, लेकिन अब तक ज्यादा शुल्क वसूली के मामले में सीएससी सेंटरों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है जिसके चलते सीएससी संचालकों के हौसले बुलंद हैं और डंके की चोट में मनमाने ढंग से वसूली कर रहे हैं।

## प्रतिबंध के बावजूद लाल ईंट का निर्माण, सैकड़ों परिवार को मिल रहा है रोजगार

# मकान बनाने फ्लाईऐश की जगह लाल ईंट की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

फ्लाईऐश ईंट के मुकाबले लाल ईंट 20 फीसदी महंगी होने के बाद भी यह लोगों की पहली पसंद है। बारिश का मौसम बीतने के बाद आवास, भवन निर्माण कार्य गति पकड़ने लगा है। वर्तमान में सरिया और सीमेंट के दाम सामान्य है। इधर लाल ईंट महंगी होने के बावजूद फ्लाईऐश ईंट की पूछ परख नगण्य है।

आवास निर्माण में लगे शहर के शंकर विश्वकर्मा, मीना धोबी, श्रवण सिदार ने बताया कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण का कार्य कर रहे हैं। बारिश में लाल ईंट का दाम 6 रुपया प्रति नग था। वर्तमान में इसका भाव 5.25 रुपये है। वहीं फ्लाईऐश ईंट की कीमत 4.25 रूपये है, बावजूद उन्हें लाल ईंट पसंद है। उनका कहना है कि फ्लाईऐश ईंट की साइज 9 इंची नहीं बनती। मिट्टी से बनी लाल ईंट को ठेकेदार, इंजीनियर आवास में लगाने की सलाह देते हैं।





### सीमेंट-सरिया के भाव सामान्य

सीमेंट, सरिया के विक्रेता अमृत साहू ने बताया कि क्वालिटी के अनुसार सीमेंट 275 , 300 रुपए में उपलब्ध है। वहीं सरिया प्रति क्विंटल 5400 से 5500 रुपये पर स्थिर है। वहीं रेत 11 रुपए फीट तथा गिट्टी 24 रुपए फीट में मिल रहा है।

### ईंट निर्माण के लिए मिली छूट

शहर के आसपास के गांव पोटियाडीह, आमदी, मुजगहन, परसतराई, कोलियारी, भोयना, मथुरा में लाल ईंट का निर्माण खूब हो रहा है। खनिज विभाग के अनुसार लाल ईंट निर्माण के लिए कोई परमिशन नहीं मिलती है। कुम्हार चक्रधारियों का परम्परागत व्यवसाय होने के कारण उन्हें ईंट निर्माण के लिए छूट मिलती है। बताया जाता है कि कुम्हारों की आड़ में बड़े बड़े ठेकेदार ईंट का निर्माण कर रहे हैं। ईंट निर्माण में सैकड़ों परिवार को रोजगार भी मिल रहा है।

## खबर संक्षेप



### बृजराज स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बृजराज में शिक्षक पुष्पांजलि सिंह ने अपने पुत्र के प्रथम जन्मोत्सव पर न्योता भोज का आयोजन कराया। सभी बच्चों ने हर्षित होकर जन्मदिन की बधाई गीत गाए। इस उपलक्ष्य में खीर-पूड़ी, केक तथा बिस्कुट पैकेट का वितरण किया गया।

### श्रमिकों के पलायन पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

**महासमुंद।** वर्तमान में जिले के श्रमिकों द्वारा अधिक मजदूरी के लिए अन्य राज्यों में पलायन को देखते हुए श्रम पदाधिकारी डीएन पात्र ने श्रम निरीक्षकों और श्रम उपनिरीक्षकों को जिले के प्रमुख रेलवे स्टेशनों (महासमुंद, बागबाहरा, कोमाखान) और बस स्टैंडों पर सघन निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने श्रम निरीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि जबरन श्रमिकों को ले जाने वाले दलालों और ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके तहत अंतरराज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, निरीक्षकों को पलायन करने वाले श्रमिकों के बारे में नियमित रिपोर्ट तैयार कर कार्यालय में प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी भी दी गई है।

### लिपिक कर्मचारी संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छग लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद के जिलाध्यक्ष केके चंद्राकर 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। आगामी जिलाध्यक्ष के निर्वाचन व मनोनयन के संबंध में 23 नवंबर शनिवार को सुबह 11 बजे विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय महासमुंद में जिला कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संघ के जिला सचिव संदीप तिवारी ने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### निधन

#### बुधारू चक्रधारी



**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी कुम्हारपारा निवासी बुधारू चक्रधारी (80) का देहांत रविवार को हो गया। अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि यात्रा में ग्रामीण सहित सामाजिकजन शामिल हुए। वे पुनऊ चक्रधारी, झुनऊ चक्रधारी के बड़े भाई व रमेश चक्रधारी के पिता थे।

# चरणबद्ध आंदोलन के तहत छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशभर में जारी पूर्व सेवा गणना मिशन के तहत चरणबद्ध आंदोलन के षष्टम चरण में महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी को 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा गया।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा जिला महासमुंद ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि 5 सूत्रीय मांगों में मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर कर समस्त एलबी संवर्ग को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करने, समतुल्य वेतनमान में सही वेतन का निर्धारण कर 1.86 के गुणांक पर वेतन निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन को निर्धारित करने एवं भारत सरकार द्वारा 2 सितंबर 2008 को जारी आदेश के समान 33 वर्ष के स्थान पर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन का प्रावधान करने, उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूए/261/2024 में डबल बेंच द्वारा पारित निर्णय 28 फरवरी 2024 के तहत सभी पात्र एलबी संवर्ग के शिक्षकों के लिए क्रमोन्नति समयमान का विभागीय आदेश जारी करने, शिक्षक व कर्मचारियों को केंद्र के बराबर 1 जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने तथा जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्ते के एरियर राशि का समायोजन जीपीएफ/सीजीपीएफ खाता में किए जाने की मांगें शामिल है। मोर्चा के जिला संचालकों ने उक्त मांगों के शीघ्र निराकरण के लिए सांसद से आग्रह करते हुए कहा कि शिक्षक एलबी संवर्ग को समतुल्य पुनरीक्षित वेतनमान दिए जाते समय तथा शिक्षा विभाग में संविलियन करते समय नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना हुई थी और इसी सेवा अवधि को आधार मानकर तात्कालिक सरकार द्वार शिक्षा विभाग में संविलियन किया गया था। पुरानी पेंशन के निर्धारण में प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना न किये जाने पर सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ ही नहीं मिल रहा है। साथ ही पुरानी पेंशन गणना की अवधि 30 वर्ष पूर्ण न हो पाने के कारण बहुसंख्य शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का पूर्ण लाभ भी नहीं मिलने वाला है। इसी प्रकार वेतन विसंगति के कारण सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रतिमाह हजारों रुपए की आर्थिक क्षति हो रही है। इस दौरान जिला संचालक दिनेश नायक, नारायण चौधरी, दुर्वासा गोस्वामी, नंदकुमार साहू ब्लॉक संचालक शरण दास, राजेश साहू, प्रदीप वर्मा, खिलावन वर्मा, सालिकराम साहू, तुलेन्द्र सागर, खोशिल गेंद्रे, आत्माराम साहू, लक्ष्मणदास मानिकपुरी, ईश्वरी साहू, देवेंद्र चंद्राकर, टीकम साहू, खोमन चंद्राकर, डिगेश्वर साहू, हीरा सिंह नायक, लव निर्मकर, तारकेश्वर साहू, राजेश चंद्राकर, लोकेश्वर मोंगरे सहित बड़ी संख्या में मोर्चा के शिक्षक संवर्ग सम्मिलित हुए।



## चिकित्सा महाविद्यालय के प्रबंधकारिणी की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक संभागायुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में रायपुर में हुई। जिसमें शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय महासमुंद एवं संबद्ध चिकित्सालय के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। जिसमें मरीजों एवं छात्र-छात्राओं को हो रहे कठिनाइयों का समाधान करने महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लिए 1 नग बस छात्र-छात्रों को हॉस्टल से कालेज लाने ले जाने, फर्नीचर एवं कार्यालयीन उपकरण विद्यार्थी के बैठने हॉस्टल, लाईब्रेरी, परीक्षा हॉल आदि के लिए , सूचना प्रौद्योगिकी में बायोमेट्रिक, लेक्चर हॉल के लिए ऑडियो सिस्टम, छात्रों के स्मार्ट क्लासरूम, कॉलेज एवं छात्रावास के भवनों में सीसीटीवी कैमरा लगाने, छात्रावास के लिए आवश्यकता अनुसार आलमारी, टेबल कुर्सी, कंप्यूटर टेबल, इत्यादि स्वशासी मद से व्यय करने की सहमति प्रदान की गई।

साथ ही साथ संबद्ध चिकित्सालय में मरीजों को ध्यान में रखते हुए इनके बेहतर ईलाज के लिए अस्थिरोग विभाग के लिए इमेज इंटेन्सिफ़ायर (सी-एआरएम) और ओटी टेबल, 2 एंबुलेंस (जीवन रक्षक उपकरणों से सुसजित) मरीजों को लाने ले जाने एवं सिकल सेल के मरीजों की जांच के लिए ऑटोमेटेड एचबी वेरियंट विश्लेषक मशीन क्रय के लिए सहमति प्रदान किया गया है। बैठक में संभागायुक्त महादेव कावरे, बीआर जोशी उपसंभागायुक्त, डॉ रेणुका गहिने अधिष्ठाता शा.चि.महा. महासमुंद, डॉ बसंत माहेश्वरी संयुक्त संचालक सह-अधीक्षक अस्पताल महासमुंद, डॉ पी. कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला-महासमुंद, डॉ अलख राम वर्मा प्राध्यापक फिजियोलॉजी विभाग महासमुंद, भूपेंद्र कुमार साव प्रशासकीय अधिकारी एवं अन्य उपस्थित रहे।



### सेजेस भंवरपुर के छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सहकारी बैंक के व्यावहारिक क्रियाकलापों से कराया गया परिचित

**भंवरपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिंदी माध्यम) विद्यालय भंवरपुर के छात्रों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सहकारी बैंक भंवरपुर का भ्रमण कराया गया। सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भंवरपुर का भ्रमण कराया गया। फार्मासिस्ट आरके भोई द्वारा रजिस्ट्रेशन से लेकर डॉक्टर से परामर्श तथा स्वास्थ्य केंद्र के उपचार से संबंधित समस्त सेवाओं के बारे में बताया गया। तत्पश्चात सहकारी बैंक भंवरपुर का भ्रमण कराया गया। सहकारी बैंक के कर्मचारियों द्वारा बैंक के समस्त कार्यों (सहकारी बैंकों का प्राथमिक लक्ष्य अपने सदस्यों को बचत और ऋण सुविधाओं सहित किफायती वित्तीय सेवाएं प्रदान करना है, जिससे वित्तीय समावेशन और स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले।) के विषय में समस्त विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। उपरोक्त ज्ञानार्जन संबंधित कार्यों में संस्था के प्राचार्य टीके पटेल, वरिष्ठ व्याख्याता एनके दीवान, एसके भोई, डीपी पटेल एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशिष्ट योगदान रहा।

## बैठक में भगवान दत्तात्रेय प्राकट्य महोत्सव मनाने का लिया निर्णय

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सनातन दसनाम गोस्वामी समाज की प्रांतीय बैठक महादेव घाट समाज के सामुदायिक भवन में उमेश भारती संरक्षक व प्रदेश अध्यक्ष डा अशोक गिरि गोस्वामी व विभिन्न जिलों से आए हुए जिलाध्यक्षों व सदस्यों की उपस्थिति में बैठक हुई। बैठक में मुख्य एजेंडा भगवान दत्तात्रेय प्राकट्य महोत्सव के संबंध में रखा गया था। जिसमें विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी प्राचीन व ऐतिहासिक नगरी के रुप में विश्व विख्यात व छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले पावन नगरी राजिम में भगवान दत्तात्रेय प्राकट्य महोत्सव बड़े ही धूमधाम व भव्यता के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ से अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की गई है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला गोस्वामी समाज गरियाबंद को आयोजन समिति का दायित्व सौंपा गया है। कार्यक्रम में हर किसी को सच्चे मनसे सहयोग करने की अपील प्रांताध्यक्ष ने की है। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान दत्तात्रेय सत्यनारायण कथा पूजन के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंचीय कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ साथ अतिथि सम्मान के बाद भगवान दत्तात्रेय के चरित्र पर व्याख्यान होगा। पश्चात गीत संगीत तथा विवाह योग्य युवक-युवती परिचय, सामाजिक क्विज प्रतियोगिता के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि प्राप्त किए गए प्रतिभावान कक्षा 10वीं 12वीं के छात्र-छात्राओं व विभिन्न विभाग के परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल व भव्य बनाने के लिए प्रांतीय संरक्षक द्वारा अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने तथा पूरे तन मन और धन से सहयोग करने की अपील की है। मंचीय कार्यक्रम के लिए पहले से ही तय अनुसार ही कार्यक्रम होगा। उसमें किसी भी प्रकार से संशोधन नहीं होगा।



बैठक में प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी, प्रांतीय महासचिव भूपेंद्र पुरी गोस्वामी, प्रांतीय उपाध्यक्ष व दत्तात्रेय मंदिर सरवराकार रामकुमार गोस्वामी, प्रांतीय संगठन सचिव पोखराज बन तथा जिला रायपुर संरक्षक विष्णु गिरी, केशव पुरी, काशी पुरी कुंदन जिलाध्यक्ष गरियाबंद, बद्री पुरी गोस्वामी जिलाध्यक्ष रायपुर, धनराज गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष दुर्ग, घासी गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष कोरबा, वीरेंद्र गिरि गोस्वामी, आचार्य सुरेंद्र गिरि भगवताचार्य, संजय गिरि रायपुर आदि उपस्थित रहे।

### देवी भागवत महापुराण कथा में शामिल हुए निखिलकांत

**महासमुंद।** स्थानीय नयापारा वार्ड क्र. 08 में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के तीसरे दिन युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नगर पालिका सभापति निखिलकांत साहू कथा स्थल पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम मंच पर पहुंचकर मां दुर्गा की पूजा कर कथावाचक पं. संतोष वैष्णव महाराज को शाल-श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कथा स्थल पर आयोजनकर्ता व वार्डवासियों ने निखिल को गमछा भेंटकर स्वागत किया। पश्चात उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। व्यासपीठ पर विराजमान पं. वैष्णव ने शिव-सती विवाह कथा प्रसंग सुनाया। कथा व्यास वैष्णव ने कहा कि शिव-सती विवाह कथा का श्रवण अत्यंत शुभदायी व मंगलकारक है। माता सती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने कठोर साधना की थी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मोतिम साहू, चमेली दास, गंगा निर्मलकर, पुष्पा सिन्हा, रेखा सिन्हा, गंगा साहू, सोहद्रा सोनी, सुमित्रा सोनी, केसरी निर्मलकर, दुलारी ध्रुव, दूज राम निर्मलकर, सोहन सोनी, देव सोनी, तरुण सिन्हा, राकेश सिन्हा, बीरू कंवर, घासी दास, मनहरण ध्रुव, आनंद साहू सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# बसना विधायक ने दिव्यांगजनों को प्रदान किए कृत्रिम अंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

मारवाड़ी युवा मंच और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रांची (झारखंड) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय निःशुल्क कैलिपर्स शिविर का समापन अग्रसेन भवन में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसना के विधायक डॉ.संपत अग्रवाल उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक डॉ. संपत अग्रवाल और विशिष्ट अतिथियों जिला उपाध्यक्ष भाजपा रमेश अग्रवाल और राजेश अग्रवाल ने भगवान अग्रसेन महाराज की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर किया। विधायक डॉ. संपत ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग प्रदान करते हुए उनके सुगम जीवन की कामना की।

विधायक डॉ.संपत ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों को न केवल चलने-फिरने में सुविधा होगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। इससे उन्हें समाज की मुख्य धारा में शामिल होने का अवसर मिलेगा। भविष्य में इस तरह के किसी भी आयोजन के लिए मैं पूर्ण सहयोग करूंगा। शिविर में 125 दिव्यांगजनों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से कई को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, बैसाखी और श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। शिविर के दौरान 9 मरीजों को कृत्रिम हाथ, 34 को घुटने के नीचे के कृत्रिम पैर, 19 को घुटने के ऊपर के कृत्रिम पैर, 8 को कैलिपर्स, 5 को स्पोर्टिंग कैलिपर्स, 12 को बैसाखी, 8 को स्टिक और 11 को श्रवण यंत्र प्रदान किए गए। शिविर में पंजीकरण से लेकर कृत्रिम अंग प्रदान करने की सभी सेवाएं निःशुल्क थीं। प्रथम दिवस 19 नवंबर को मरीजों की जांच कर उनके अंगों का नाप लिया गया। जबकि, शिविर के समापन तृतीय दिवस 21 नवंबर को उन्हें कृत्रिम अंग व उपकरण वितरित किए गए। शिविर के दोनों ही प्रमुख दिनों में मरीजों और उनके परिजनों के लिए निःशुल्क चाय, नाश्ता और भोजन की व्यवस्था की गई। शिविर में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल, नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, समाजसेवी रामअवतार सुनील अग्रवाल और समाज के अन्य प्रमुख व्यक्तियों का शिविर में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच बसना के अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, सचिव निखिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में बसना के अलावा भंवरपुर, सरायपाली, झलप, बागबाहरा, महासमुंद, पदमपुर, सोहेला, बारगढ़, जांजगीर चांपा आदि स्थानों से आए दिव्यांगजनों ने निःशुल्क कृत्रिम अंग प्राप्त किए।



# विधायक ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

कृषि उपज मंडी प्रांगण में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल व अन्य उपकरणों का पूजन कर धान खरीदी की प्रक्रिया की शुरुआत की।



विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी से किसानों को उनके परिश्रम का उचित मूल्य मिलेगा और उनकी आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी। इस मौके पर उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अपने धान को मंडी में लाकर समर्थन मूल्य का लाभ उठाएं। धान खरीदी का शुभारंभ किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर था, जो क्षेत्र के कृषि समुदाय के लिए आर्थिक विकास का प्रतीक है। मंडी प्रांगण में हुए इस उद्घाटन कार्यक्रम में किसानों और मंडी प्रबंधन के बीच तालमेल और सहयोग की भावना स्पष्ट नजर आई। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने कहा कि भविष्य में भी किसानों के हित में इस प्रकार के कदम उठाए जाते रहेंगे। इस उद्घाटन कार्यक्रम के माध्यम से बसना के किसानों को समर्थन मूल्य पर अपने धान को बेचने का अवसर मिला है, जो कृषि क्षेत्र में सकारात्मक संकेत देता है। विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने इस मौके पर सभी किसानों का स्वागत किया और भविष्य में भी उनके लिए समर्थन और सहयोग बनाए रखने का वादा किया। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों और किसानों की शुभकामनाओं के साथ हुआ। विधायक ने मंडी प्रबंधन और सहकारी समिति के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई।

इस अवसर पर शाखा सहकारी समिति बसना के नवनियुक्त अध्यक्ष जन्मजय साव भी उपस्थित रहे, जिन्होंने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बसना विधानसभा भाजपा के संयोजक डॉ. एनके अग्रवाल, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, मंडल महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, सुखीपाली सोसायटी अध्यक्ष कन्हैया प्रधान, रसोड़ा सोसायटी अध्यक्ष अमित साहू, धुंमाभाठा सोसायटी अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल, सरकंडा सोसायटी अध्यक्ष संतोष नायक, सांकरा सोसायटी अध्यक्ष प्रहलाद पटेल और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### विधायक ने पठियापाली में धान खरीदी का विधिवत किया शुभारंभ

कृषि सहकारी साख समिति पठियापाली में विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने धान खरीदी का शुभारंभ किया। उन्होंने विधिवत छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और इलेक्ट्रॉनिक तौल व अन्य यंत्रों का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस शुभ अवसर पर विधायक डॉ.संपत अग्रवाल ने सभी किसानों को धान खरीदी की शुरुआत की बधाई और शुभकामनाएं दीं तथा किसानों की मेंहनत और समर्पण को प्रणाम किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, महामंत्री अभिमन्यु जायसवाल, हबेकांटा सरपंच त्रिलोचन भोई, पठियापाली सोसायटी अध्यक्ष कुलदीप प्रधान, ग्राम गौंटिया नोहर सिंह, विधायक कार्यालय प्रभारी कामेश बंजारा, विधायक प्रतिनिधि मोहित पटेल, जनपद पंचायत पिथौरा सभापति सोहन पटेल, बसना सोसायटी अध्यक्ष जन्मजय साव, धामनघुटकुरी सोसायटी अध्यक्ष परदेशी पटेल, धुंमाभाठा सोसायटी अध्यक्ष बद्री प्रसाद पटेल, सरकंडा सोसायटी अध्यक्ष संतोष नायक, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील प्रधान और अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 TRUST | 130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
PHILIPS | PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

Trust the Expert
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया
अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रथम अगहन बृहस्पत को हुई विशेष पूजा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को महिलाओं ने माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। पूर्व उपसरपंच गिरिजा बाई चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर आदि ने कहा कि अगहन महीना के प्रथम गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना की। अगहन महीना के गुरुवार को माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना करने से सभी कष्ट दूर और मनोकामना पूर्ण होते हैं।



### लालवानी गली में देवी भागवत महापुराण 24 से

**महासमुंद।** स्थानीय लालवानी गली दुर्गा मंदिर में 24 नवंबर से 2 दिसंबर तक दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन शकुन निषाद द्वारा किया गया है। जानकारी देते हुए भुवन निषाद ने बताया कि व्यासपीठ से नगर पुरोहित पं. पंकज तिवारी द्वारा देवी भागवत कथा का बखान किया जाएगा। प्रथम दिवस 24 नवंबर को गणेश, पंचांग पूजन, कथा प्रारंभ, 25 को देवी प्राकट्य, सत्यव्रत महिमा, 26 को नर- नारायण कथा, भगवती महिमा, 27 को कौशिकी रूप, शुंभ, निशुंभ, रक्तबीज उद्धार, 28 को देवी महिमा, राजा हरिश्चंद्र की कथा, 29 को गंगा उत्पत्ति, तुलसी विवाह, 30 को सावित्री कथा, 1 दिसंबर को महिषासुर, देवी आराधना महत्व, 2 को देवी प्रसन्नता का महत्व एवं शोभायात्रा होगा।



### तुमगांव सोसाइटी अध्यक्ष ने संभाला पदभार

**महासमुंद।** क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की अनुशंसा नगर पंचायत तुमगांव में स्थित ग्रामीण सेवा सहकारी समिति में ग्राम बेलटुकरी निवासी पोषण निर्मलकर को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त अध्यक्ष ने पदभार संभाला। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, नपं उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव, नंदलाल पटेल, द्रोणाचार्य साहू, बेलटुकरी सरपंच सोनसाय, डोमार पटेल, पुष्कर यादव, नंदलाल यादव, कीर्ति बघेल, कुंदन प्रजापति, प्रबधंक भारत निर्मलकर, आशीष रजत आदि मौजूद रहे।

### चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक कल

**महासमुंद।** छग लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा महासमुंद की बैठक 23 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे तहसील कार्यालय महासमुंद के सामने तृतीय वर्ग कर्मचारी भवन में बैठक आहूत की गई है। जिसमें छग लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के कर्मचारियों के विभिन्न समस्याओं तथा संघीय कार्य के सफल संचालन के लिए चर्चा की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संघ के जिलाध्यक्ष उमेश कुमार साहू ने संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को उपस्थित होने की अपील की है।

## निधन

### फिरतुराम पटेल



**नर्रा।** राटापाली निवासी फिरतुराम पटेल (87) का निधन 14 नवंबर दिन गुरुवार को हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे हरिशंकर पटेल व हरजीवन पटेल के पिता थे।

---

**आयोजन: महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग का विविध कार्यक्रम**

# व्यंजन में टिकेश्वरी व पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में जानू रहीं अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य के संस्कृति एवं परंपरा को प्रोत्साहित करने के लिए 21 नवंबर 2024 को एमए राजनीति विज्ञान के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाओ एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य करुणा दुबे, डॉ. मालती तिवारी विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग, वाणिज्य संकाय प्रमुख अजय कुमार राजा, केशर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान तथा विजय कुमार मिर्चे मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत संगीता गायकवाड़ प्रथम सेमेस्टर द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ अपने




लोक कला व संस्कृति एवं तीज-त्यौहार के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहाँ पर निवास करने वाले अलग-अलग समाज और पंथ के लोगों द्वारा अपने पर्व पर अनेक प्रकार के व्यंजन बनाए जाते हैं। उन्होंने छात्रों से कहा कि आगे बढ़ने की अनंत संभावनाएं है, विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले। साथ ही साथ अपने पढ़ाई पर भी ध्यान लगाएं। विभागाध्यक्ष डॉक्टर मालती तिवारी द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी व्यंजन ठेठरी, खुरमी, बरा, सोहारी, अइरसा, मालपुआ, अंगाकर रोटी, चौसेला इत्यादि विविध प्रकार की देशी व्यंजन छत्तीसगढ़ में बनाए जाते है। वैसे छत्तीसगढ़ राज्य अपने मातृ राज्य मध्यप्रदेश से पृथक होकर 1 नवंबर 2000 को अलग हुआ था, जिसकी सांस्कृतिक विरासत विविध है। यह प्रदेश यहां निवास करने वाले लोगों के कर्मठता के कारण उतरोत्तर प्रगति प्राप्त कर रही है। छात्र-छात्राओं को आशीर्वचन प्रदान करते हुए अजय कुमार राजा ने अपने संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए सबको मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस अवसर पर तृतीय सेमेस्टर से टिकेश्वरी नेताम, जानू परवीन, पूनम पटेल, भावना साहू, चंदन ध्रुव, अनिशा मिंज, मोनिका सोनवानी तथा प्रथम सेमेस्टर से पंकज धृतलहरे, मायावती ठाकुर, सुनील निषाद, भैरव, ममता, मनीषा यादव इत्यादि छात्र-छात्राओं ने भी अपने बनाएं और देशी व्यंजनों का प्रदर्शनी सहित पोस्टर बनाओ में हिस्सा लिया। व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टिकेश्वरी नेताम तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान आरती प्रजापति प्रथम सेमेस्टर, तृतीय मोनिका सोनवानी तृतीय सेमेस्टर रही। वहीं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम जानू परवीन तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय अनिशा मिंज तृतीय सेमेस्टर, तृतीय मनीषा यादव प्रथम सेमेस्टर रही। कार्यक्रम का संचालन तृतीय सेमेस्टर के छात्र गोपी सिन्हा एवं आभार व्यक्त केसर चंद्र बनपाल ने किया।

## जनजातीय गौरव दिवस पर नवीन महाविद्यालय में हुई कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भंवरपुर

प्राचार्य डॉ एसके साव के मार्गदर्शन एवं एसके पटेल के निर्देशन में नवीन शासकीय महाविद्यालय भंवरपुर में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्यिक योगदान विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिदार थे। विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में क्रमशः आदित्य रंजन कानूनगो, उपेन्द्र कुमार बरिहा रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं जनजातीय क्रांतिकारियों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया गया। पश्चात कार्यक्रम के संयोजक एसके पटेल द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह सिदार ने संक्षेप में जनजातीय समाज के क्रांतिकारियों की भूमिका एवं बलिदान की सत्यता के बारे में बताते हुए उनके शौर्य एवं पराक्रम के विषय में अपने विचार व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि कानूनगो ने आदिवासियों की सहज एवं सरल जीवनशैली की विशेषताओं का उल्लेख किया। मुख्य वक्ता बरिहा ने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के आदिवासियों के वीर वीरांगनाओं का संक्षेप में वर्णन किया। छात्र-छात्राओं द्वारा छत्तीसगढ़ के लोकगीत एवं लोकनृत्य पर मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के सहसंयोजक हेरोद तिग्गा द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन पर बनी लोकगीत की प्रस्तुति दी गई। आभार प्रदर्शन डॉ. रमीज दानी ने किया। कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राभी के साथ महाविद्यालय के प्रध्यापकगण दीपक राठौर, गजराज नायक, कृष्ण कांत ठाकुर, रितेश नायक, धर्नुजय पटेल एवं महाविधालय के मुख्य लिपिक टी साहू उपस्थित रहे।

## आवास योजना में दोहरा मापदंड अपना रही है राज्य सरकारः कृष्णा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार शहरी क्षेत्रों में जरूरतमंदों के लिए आवास बनाने गंभीर नहीं है। सरकार को शहरी नागरिकों के आवास से कोई सरोकार नहीं है। यह बात सरकार की नीति से साफ नजर आ रही है। लंबे समय से आवास के लिए पात्र हितग्राही आवास स्वीकृति का इंतजार कर रहे हैं। परंतु, राज्य सरकार आवास योजना के लिए गंभीर नहीं है। जिसके चलते शहरी क्षेत्रों में लोगों को काफी नाराजगी है। आने वाले नगरीय निकाय के चुनावों में इसका सीधा प्रभाव पड़ेगा। चंद्राकर ने कहा कि राज्य सरकार, नगर पालिका के पार्षदों और अध्यक्ष की निधि भी अब तक जारी नहीं की है। जबकि, कार्यकाल पूरा होने को है और अब तक अध्यक्ष और पार्षदों निधि नहीं



मिली है। जिसके चलते शहरी विकास कार्य बाधित हो रहा है। सरकार की इस भेदभाव वाली नीति के चलते जनप्रतिनिधि अपने ही शहर का विकास नहीं करा पा रहे है। आखिर राज्य की भाजपा सरकार क्यों शहरी क्षेत्रों के साथ कर भेदभाव रही है, यह गंभीर चिंता का विषय है। चंद्राकर ने कहा कि शहरवासी आज विकास के लिए तरस रहे। परंतु, सरकार को शहर के विकास से कोई सरोकार नहीं है। नगरी निकाय के जनप्रतिनिधियों को मिलने वाली निधि को रोक कर रखना शहर की जनता का अपमान है। चंद्राकर ने राज्य के मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि तत्काल शहरी क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति प्रदान करें। साथ ही निकाय के जनप्रतिनिधियों की निधि के लिए आबंटन जारी करें। ताकि, निर्वाचित जनप्रतिनिधि अपने वार्डों और शहर का विकास कार्य कर सके।

## धान खेती पर भाजपा सरकार का विरोधी चेहरा : अमरजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने रबी सीजन में धान की खेती पर भाजपा सरकार के प्रतिबंध का विरोध करते हुए इसे किसानों पर अत्याचार करार दिया है। पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत ने कहा कि धान और किसान छत्तीसगढ़ की पहचान और समृद्धि का आधार हैं, लेकिन भाजपा सरकार किसानों को धान की फसल न उगाने के लिए अनैतिक दबाव बना रही है। अमरजीत ने बताया कि महासमुंद, धमतरी, राजनांदगांव और रायपुर एवं अन्य कुछ जिले के कलेक्टरों द्वारा कोटवारों के माध्यम से गांव-गांव मुनादी कराई जा रही है, जिसमें किसानों को धान की खेती न करने की धमकी दी जा रही है। साथ ही अधिकारियों द्वारा 50,000 रुपए प्रति एकड़ जुर्माना लगाने की चेतावनी दी जा रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष चावला ने कहा कि किसानों का अधिकार है कि वे मौसम और भूमि के अनुसार अपनी फसल का चयन करें, और रबी सीजन में धान की खेती को लेकर यह सरकारी आदेश अनुचित है, जो कि किसानों के हक



के साथ अन्याय की श्रेणी में आता है। कांग्रेस कलेक्टरों द्वारा जारी इस तुगलकी फरमान का विरोध करती है और मांग करती है की किस हक में सरकार यह फैसला वापस ले। चावला ने यह भी कहा कि भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के कारण किसानों को डीएपी खाद की कमी और अब धान नहीं बोने के फरमान से दोहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है। अमरजीत ने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी दर का वादा किया था, लेकिन यह वादा धरातल पर नहीं उतर रहा है। कई स्थानों पर 16 क्विंटल प्रति एकड़ के हिसाब से खरीदी की जा रही है। किसानों के विरोध के बावजूद टोकन तुहर हाथ ऐप सही से काम नहीं कर रहा, जिससे किसानों में असंतोष फैल रहा है। कांग्रेस ने इस फैसले को किसान विरोधी षड्यंत्र बताते हुए भाजपा सरकार की आलोचना की और किसानों के हक में सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## महासमुंद के राजस्व विभाग में चल रही मनमानी की शिकायत मंत्री से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने बीते बुधवार की शाम राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से उनके शासकीय बंगले पर सौजन्य भेंट किया। साथ ही महासमुंद राजस्व विभाग में चल रही लंबित प्रकरणों की समस्याओं को अवगत कराया तथा अधिकारियों की भर्राशाही व मनमानी की शिकायत की।

डॉ. चोपड़ा ने राजस्व मंत्री को बताया कि राजस्व विभाग में लोगों के छोटे से छोटे मामलों का निराकरण नहीं किया जाता, संपूर्ण जांच होने के बाद भी प्रकरणों को लंबित कर दिया जाता है या खारिज कर दिया जाता है, न ही प्रकरण के निराकरण की कोई नियत तिथि बताई जाती है। आम जनता को वर्षों तक चप्पल घिसना पड़ता है, अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए। क्योंकि, हर बार अधिकारियों द्वारा टालमटोल करके घुमाया जाता है। अधिकारी व कर्मचारी पूरी तरह से



भ्रष्टाचार में लिप्त हो चुके हैं, जिस तरह पिछले कांग्रेस सरकार में अधिकारियों का रवैया भ्रष्टाचार करना, लोगों को जबरन घुमाना और छोटे-छोटे मामलों का निराकरण न करना था, वह आज भी वैसा ही है। उन्हें किसी भी प्रकार का डर नहीं है। जिसके परिणामस्वरूप आम किसान या लोग इनसे त्रस्त व निराश हो चुके हैं। लोगों के प्रकरण कई वर्षों से लंबित होने के चलते किसान न तो ऋण ले पा रहे, न खाद ले पा रहे, न ही अपना फसल समर्थन मूल्य में बेच पा रहे और तो और प्रकरण लंबित होने से लोगों के बीच विवाद की स्थिति घटित हो रही है। आम जनता राजस्व विभाग के अधिकारियों की भर्राशाही और मनमानी से परेशान हो चुकी है। इन्हीं सब के चलते लोगों ने आक्रोशित होकर एसडीएम के चेंबर में धरना दे दिया था और वह दिन न आए जब पीड़ित जनता कलेक्टर के चेंबर में धरने पर बैठ जाएं। क्योंकि, कलेक्टर से भी समस्याओं को कई बार अवगत कराया जा चुका है। परंतु, इसके बावजूद अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने न आया।

इन सब को देखकर लगता है कि कलेक्टर भी आम जनता और किसानों की उपेक्षा कर रहे हैं, उनको आम जनता के मामलों को निराकरण करने की मंशा नहीं होती होगी। जबकि, शासन से सीधा निर्देश है कि मामलों का निराकरण जितना जल्दी हो सके पूरा करें। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने डॉ. चोपड़ा की बातों को ध्यान पूर्वक गंभीरता से सुनने के पश्चात विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात करते हुए निर्देश दिया कि लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं को त्वरित सुलझाएं, वर्षों पुराने लंबित प्रकरणों को जल्दी निराकरण करें और कहा कि लोगों को उनके प्रकरणों को निराकरण करने में बाधा डालने के बजाए उनकी समस्याओं को सुलझाने में सहयोग करें।

### लंबर सहकारी समिति के अध्यक्ष उत्तर ने संभाला कार्यभार

**सरायपाली।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति लंबर के नवनियुक्त अध्यक्ष उत्तर निषाद ने विगत दिनों समिति पहुंच कर कार्यभार संभाल लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विद्या चौधरी भाजपा मंडल अध्यक्ष भंवरपुर ने कहा कि भाजपा सरकार में धान खरीदी का एक मुश्त भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने ने कहा कि देश में अमित शाह, प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दयाल दास बघेल एवं महासमुंद लोकसभा सांसद रुप कुमारी चौधरी के नेतृत्व में सहकारिता के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। किसानों को हर क्षेत्र में शासन से मदद मिल रहा है। अध्यक्ष उत्तर निषाद ने कहा कि किसानों की सभी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ने कहा कि छोटे किसानों का एकमुश्त टोकन काटा जाएगा। समिति में किसी प्रकार की समस्या नहीं आने दिया जाएगा तथा कर्मचारियों को गड़बड़ी नहीं करने दी जाएगी तथा कर्मचारियों को गड़बड़ी करने पर नहीं बक्शा जाएगा। उत्तर निषाद ने अपने नियुक्ति पर सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक भंवरपुर के मैनेजर छालो विशाल, तुलाराम चौहान समिति प्रबंधक लंबर, झनकराम चौधरी मंडल उपाध्यक्ष, बनीत सिदार समिति अध्यक्ष, राजेंद्र कोसरिया समिति अध्यक्ष बडेसाजापाली, मदनलाल चौरसिया हाईस्कूल अध्यक्ष लंबर एवं समस्त समिति स्टाफ व काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



04 दिन की यात्रा



12 जनवरी 2025
श्री जगन्नाथ पुरी यात्रा
श्री जगन्नाथ मंदिर, लिंगराज टेंपल, कोणार्क, केदारगौरी, चंद्रभागा, सिद्धेश्वर एंड मुकतेश्वर, खंडागिरी, धौलीगिरी, उदयगिरी
राशिः स्लीपर- 5500/-, 3AC-10,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com



दिनांक (05 दिन)
22 दिसंबर से 26 दिसंबर 2024, 13 जनवरी से 17 जनवरी 2025
26 जनवरी से 30 जनवरी 2025, 09 मार्च से 13 मार्च 2025
13 अप्रैल से 17 अप्रैल 2025
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बूढ़ा नीलकंठ, शांघा), काठमांडू दरबार
Ex गोरखपुर/ नोतनवा
राशिः-स्टैंडर्ड पैकेज 7,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।



CSC
Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels
— One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है



फिल्ड एक्जीक्यूटिव की जो
सफलता की सीढ़ी चढ़ना चाहते है...
महासमुंद शहर
वेतन - 10000+ इंसेंटिव
स्वयं का साधन - 10वीं से स्नातक
Resume Whatsapp करें
9098324969
पताः प्रीतम प्राईडे कॉम्पलेक्स, हरिभूमि कार्यालय, महासमुंद